# ओजोन संरक्षण के लिए विश्व को एकजुट होकर करने होंगे प्रयास : प्राचार्य

## प्राध्यापकों ने ओजोन परत के विनाश के दुष्प्रभावों पर डाला प्रकाश

**खास बात**

भाषण में सना और पोस्टर प्रतियोगिता में प्रगति ने बाजी मारी

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

**अमरोहा।** जगदीश शरण हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को ओजोन दिवस के अवसर पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 14 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ओजोन क्षरण से जीवों पर होने वाले प्रभावों एवं ओजोन परत के संरक्षण पर प्रभावशाली विचार रखें।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉ0 जितेंद्र सिंह, डॉ0 गीतांजलि और डॉ0 विजय यादव ने तार्किक परख से प्रतियोगियों का चयन किया। भाषण में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा सना ने प्राप्त किया। जबकि खुशी यादव एवं वंशिका क्रमश द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।.पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ0 सत्यप्रकाश परमार, डॉ0 मोहम्मद मूसा और डॉ0 देवेंद्र ने प्रतियोगियों के पोस्टरों का बारीकी से मूल्यांकन किया तथा छात्रा प्रगति, वंशिका एवं नितिन को क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्रदान किए।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 वीर वीरेंद्र सिंह ने ओजोन परत के संरक्षण पर कहा कि ओजोन परत की सुरक्षा पर ही पृथ्वी पर जीवों का अस्तित्व निर्भर करता है। इसलिए ओजोन संरक्षण के लिए समस्त विश्व को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।

भूगोल विभाग अध्यक्षा डॉ0 संगीता धामा ने ओजोन परत क्षरण के लिए उत्तरदायी कारकों और ओजोन परत के विनाश के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। जबकि कार्यक्रम के समन्वयक डॉ0 उमेश असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग और डॉ0 राजीव प्रकाश असिस्टेंट प्रोफेसर पर्यटन विभाग ने ओजोन संरक्षण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। मंच का कुशल संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर मुकेश सिंह द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रोफेसर डॉ0 संजय शाही, सेवानिवृत प्रो रमेश चंद्र, डॉ0 राजकिशोर शुक्ला, डॉ0 मनोज, डॉ0 अरविंद, डॉ0 मोहित कुमार, डॉ0 नवनीत विश्नोई, डॉ0 प्रदीप कुमार आदि विद्वान शिक्षक मौजूद रहे।




ओज़ोन सुरक्षा
जीवन रक्षा
WORLD OZONE DAY
16th September
Organized By :
Department of Geography & Tourism
J.S.H. (P.G.) College, Amroha (U.P.)
GPS Map Camera
Amroha,UP,India
SH 78, Katra Ghulam Ali, Amroha, 244221, UP, India
Lat 28.906063, Long 78.474810
09/16/2023 12:35 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


WORLD OZONE DAY


GPS Map Camera
Amroha,UP,India
SH 78, Katra Ghulam Ali, Amroha, 244221, UP, India
Lat 28.905993, Long 78.474669
09/16/2023 12:19 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


ओजोन सुरक्षा
जीवन रक्षा
WORLD OZONE DAY
16th September
Organized By :
Department of Geography & Tourism
G.) College, Amroha (U.P.)


WORLD
COLLEGE
27/U, Station Rd, Begum Sara Kalan, Amroha, Uttar Pradesh 244221, India
Amroha
Uttar Pradesh
India
2023-09-16(Sat) 12:40(pm)
32°C
90°F